कैलिफ़ोर्निया का कानून आपकी मदद कर सकता है

अगर आप एक किरायेदार या घर के सदस्य हैं और आप घरेलू हिंसा, यौन हमले, पीछा करने (stalking), मानव तस्करी, बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार या आश्रित बालिगों के साथ दुर्व्यवहार के शिकार हैं और प्रापर्टी छोड़ना चाहते हैं क्योंकि आप वहां सुरक्षित महसूस नहीं करते हैं, तो कैलिफोर्निया का कानून आपकी मदद कर सकता है।

**एक घर का सदस्य किरायेदार के परिवार में कोई भी व्यक्ति होता है जो किरायेदार के साथ उसी घर में रहता है। तो भले ही आप, किरायेदार, पीड़ित नहीं हैं, फिर भी आप लीज़ को जल्दी ख़त्म करने में सक्षम हो सकते हैं।

HERA

हाउसिंग और आर्थिक अधिकारों के एडवोकेट

हम से संपर्क करें:

(510) 271-8443 Ext. 300

inquiries@heraca.org

www.heraca.org

P.O. Box 29435

Oakland, CA 94604

California Commission ON THE STATUS OF WOMEN AND GIRLS

यह प्रोजैक्ट कैलिफोर्निया कमिशन ऑॅन द स्टेटस अव विमिन ऐन्ड गर्लज़ (California Commission on the Status of Women and Girls) के अनुदान से संभव हुआ था।

क्या आप एक किरायेदार हैं जो घरेलू हिंसा, यौन हमले, या पीछा करने का शिकार रहे हैं?

क्या आपके पास दुर्व्यवहार करने वाले के खिलाफ रक्षात्मक आदेश है?

यदि हां, और आपका दुर्व्यवहार करने वाला आपके साथ नहीं रहता है, तो आपको अपने घर के ताले बदलने का अधिकार है।

यदि आपके साथ दुर्व्यवहार करने वाला आपके साथ नहीं रहता है:

यदि आप अपने मकान मालिक को अदालत के आदेश की एक प्रति या एक पुलिस रिपोर्ट, जो दर्शाती है कि आप घरेलू हिंसा, यौन हमले, या पीछा करने के शिकार हैं, के साथ ताले बदलने के लिए एक लिखित अनुरोध देते हैं, तो मकान मालिक के लिए 24 घंटे के भीतर आपके ताले बदल देना अनिवार्य है।

अदालती आदेश या पुलिस रिपोर्ट 180 दिन से अधिक पुरानी नहीं हो सकती।

आपके अधिकार:

यदि मकान मालिक आपके लिखित अनुरोध के 24 घंटे के भीतर ताले नहीं बदलता है, तो आप अपने मकान मालिक की सहमति के बिना ताले बदल सकते हैं।

ताले पुराने तालों की तुलना में समान या बेहतर गुणवत्ता वाले होने चाहिए और आपको मकान मालिक को चाबियों की एक कापी देनी होगी। आपको ताला बदलने के 24 घंटे के भीतर मकान मालिक को यह भी बताना होगा कि आपने ताले बदल दिए हैं। तालों को एक "कारीगर जैसे तरीके के साथ" बदला जाना आवश्यक है, इसलिए इसे एक पेशेवर ताला बनाने वाले द्वारा किया जाना चाहिए या इस तरह से किया जाना चाहिए जो कि एक पेशेवर जैसे काम करने के समान है।

क्या होगा यदि लीज़ कहती है कि आप ताले नहीं बदल सकते हैं?

भले ही लीज़ कहती है कि आप ताले नहीं बदल सकते हैं, तब भी आपके पास कैलिफोर्निया के कानून के तहत अधिकार है, यदि आपने अपने मकान मालिक को ताला बदलने के लिए एक लिखित अनुरोध और अदालत के आदेश या पुलिस रिपोर्ट की एक प्रति दी है, जिसमें दिखाया गया है कि आप घरेलू हिंसा, हिंसा, यौन हमले, या पीछा करने के शिकार हैं।

यह कानून केवल 1 जनवरी, 2011 या उसके बाद हुए किराये के समझौतों के लिए है।

ताले बदलने का अधिकार, भले ही दुर्व्यवहार करने वाला आपके साथ रहता है:

कैलिफ़ोर्निया सिविल कोड § 1941.6 के अंतर्गत, आप अब भी ताले बदल सकते हैं और दुर्व्यवहार करने वाले को घर से बाहर रख सकते हैं।

जब आप अपने मकान मालिक को ताला बदलने के लिए लिखित अनुरोध देते हैं, तो आपको मकान मालिक को अदालत के आदेश की एक प्रति देना भी आवश्यक होगा जिसमें कहा गया हो कि दुर्व्यवहार करने वाले को आपके पास जाने की अनुमति नहीं है और उसे घर से बाहर कर दिया गया है।

याद रखें कि अदालती आदेश 180 दिन से अधिक पुराना नहीं हो सकता।

यदि मकान मालिक 24 घंटे के भीतर ताले नहीं बदलते हैं, तो आपको उन्हें स्वयं बदलने का अधिकार है, ठीक वैसे ही जैसे आप करते यदि दुर्व्यवहार करने वाला आपके साथ नहीं रहता होता। और यह याद रखना बहुत महत्वपूर्ण है कि भले ही दुर्व्यवहार करने वाला अदालत के आदेश के कारण घर से बाहर है, अगर वह लीज़ पर सूचीबद्ध है, तो दुर्व्यवहार करने वाले को अभी भी किराए का भुगतान करने की आवश्यकता है। इसका मतलब है कि सिर्फ इसलिए कि दुर्व्यवहार करने वाले को घर के अंदर जाने की अनुमति नहीं है, आप पूरे किराए का भुगतान करने के लिए वित्तीय रूप से जिम्मेदार नहीं होंगे।